एक नजर में

गुरु पूर्णिमा पर प्रथम गुरु का किया सम्मान

कांटाफोड़। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर गुरु-शिष्य परंपरा को जीवंत करते हुए शिष्य केदार पटेल एवं जितेंद्र शर्मा ने अपने प्रथम गुरु गोविन्द प्रसाद मालवीया का शाल, श्रीफल एवं पुष्पमाला भेंट कर सम्मान किया तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर दोनों शिष्यों ने कहा कि गुरु ही जीवन में ज्ञान, संस्कार और सही दिशा देने वाले प्रथम मार्गदर्शक होते हैं। गुरु के बताए मार्ग पर चलकर ही व्यक्ति सफलता और सम्मान प्राप्त करता है। उन्होंने अपने प्रथम गुरु के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। गुरु गोविन्द प्रसाद मालवीया ने अपने शिष्यों को स्नेहपूर्वक आशीर्वाद देते हुए कहा कि गुरु का सम्मान करना भारतीय संस्कृति की सबसे सुंदर परंपराओं में से एक है। गुरु-शिष्य का संबंध विश्वास, समर्पण और संस्कारों पर आधारित होता है, जिसे सदैव बनाए रखना चाहिए। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित यह सम्मान कार्यक्रम श्रद्धा, सम्मान और गुरु-भक्ति का प्रेरणादायी उदाहरण बना।

जटाशंकर तीर्थ में गुरु पूर्णिमा उत्सव का समापन

बागली। प्रसिद्ध जटाशंकर तीर्थ एवं वाग्योग चेतना पीठम आश्रम में आयोजित तीन दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव का श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ भव्य समापन हुआ। दोनों ही स्थानों पर हजारों श्रद्धालुओं ने गुरु पूजन, भजन, आरती एवं धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता कर गुरु परंपरा के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। जटाशंकर तीर्थ में महोत्सव के प्रथम दिवस चापड़ा के प्रसिद्ध रामायण मंडल द्वारा तीर्थ के संस्थापक ब्रह्मलीन संत 1008 श्री केशवदास जी त्यागी महाराज (फलाहारी बाबा) के मंदिर में तीर्थ महंत संत श्री बद्रीदास जी महाराज के सान्निध्य में संगीतमय रामायण पाठ का आयोजन किया गया।मंडल के कलाकारों ने अनेक गुरु भजनों की भावपूर्ण प्रस्तुतियाँ दीं। देर रात्रि महा आरती के पश्चात प्रसादी का वितरण किया गया।अगले दिन प्रात: पुजारी पंडित आनंद मिश्रा के आचार्यत्व में फलाहारी बाबा की श्वेत संगमरमर समाधि पर स्थित चरण पादुकाओं का अभिषेक, पूजन एवं आकर्षक श्रृंगार किया गया। गुरु गादी मंदिर को विद्युत सज्जा एवं पुष्पों से अलंकृत किया गया तथा प्रतिमा का विशेष श्रृंगार कर महाआरती एवं विविध प्रकार के भोग अर्पित किए गए। श्रद्धालुओं ने महंत संत श्री बद्रीदास जी महाराज का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। दोपहर बाद आयोजित गुरु दीक्षा कार्यक्रम में इंदौर, उज्जैन, देवास, धामनोद, धार, हरदा, बुधनी सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

सोनकच्छ में आवारा मवेशियों से परेशानी

सोनकच्छ। नगर में इन दिनों आवारा मवेशी के संकट से जूझ रहा है। जिसके कारण आमजन को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शुक्रवार सुबह सोनकच्छ से सांवेर को जोड़ने वाले पुल पर एक दर्जन से अधिक मवेशी ने सड़क जाम कर दी। जिसके कारण दो पहिया वाहन सवार जान जोखिम में डालकर रोड क्रॉस करते हुए दिखें। क्योंकि पुल पर वर्षाकाल होने से रैलिंग को ओट में दबा दिया गया है। नगर की छोटी बड़ी कॉलोनी में इन मवेशियों का आतंक जारी है। कई बार स्थिति भी निर्मित होती है, जब ये मवेशी आपस में लड़ने के कारण नुकसान करते है।

ओम पटेल के भतीजे के निधन पर श्रद्धांजलि देने पहुंचे पूर्व केंद्रीय मंत्री अरूण यादव

सतवास। पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव गुरुवार को अपने अल्प प्रवास के दौरान अपने खंडवा संसदीय क्षेत्र देवास जिले के सतवास तहसील के बीचकुआ ग्राम पहुंचे । वहां उन्होंने कन्नौद खातेगांव विधानसभा के कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी ओम पटेल के भतीजे, राधेश्याम पटेल के सुपुत्र अंकित पटेल के निधन पर उनको श्रद्धा सुमन अर्पित कर परिवार जनों को ढाढंस बधाया।

उनके साथ उनके निज सचिव अश्विन गोलू शर्मा, कांग्रेस नेता मनोज होलानी,रामेश्वर गुर्जर, बंटू गुर्जर, अजय कुमार व्यास, विजय सिंह गौड़, देवीलाल पटेल, नबा पटेल,पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष प्रति निधि वहीद खान सदर, राधेश्याम कलिया,नगरअध्यक्ष कवरखान, राजू यादव, अमर जीत सिंह चड्डा, विष्णु मीणा,सौरभ माल्या, दिलीप गुर्जर,रमजान खान, इरफान खान,काटाफोड़ नगर परिषद अध्यक्ष कैलाश आमोंदीया, सलाम भाटी, शंकर पटेल मीत भाटिया ,मान खा, अशोक चंडक, निवास तिवारी, बल्लू शाह,,गोलू गुर्जर,कुंज पटेल सहित बड़ी संख्या लोहारदा,काटाफोड़ सतवास सहित आसपास के बड़ी संख्या में लोग शामिल थे,,भाजपा नेता पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश जोशी, पूर्व मंडल अध्यक्ष सोहन पटेल, जितेन्द्र मित्तल, अशोक जोशी, बबलू जोशीला ने भी पटेल निवास पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित की .

सावन के आगाज के साथ ही कावड़ यात्राओं का दौर शुरू

बागली। गुरु पूर्णिमा के एक दिन बाद ही हिंदू पंचांग के अनुसार श्रावण मास का आरंभ हो गया। शुक्रवार को जय शिव सेवा समिति चापड़ा द्वारा सुबह 11 बजे 501 महिलाओं ने नर्मदा नदी के किनारे धाराजी तट से पवित्र जल अपनी अपनी कावड़ में भरकर ऋण मुक्तेश्वर मनकामेश्वर महादेव मंदिर चापड़ा में विराजित भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए पवित्र कावड़यात्रा प्रारंभ की।

इसके पूर्व गिरधर गुप्ता के सानिध्य में नर्मदा मैया और लाई गई कावड़ों की पूजा आरती की सभी श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा से सुख समृद्धि की कामना की। इसी के साथ यात्रा की शुरुआत की। इस यात्रा के संयोजक संतोष जैन, शकुंतला वैष्णव ने बताया कि इसमें चापड़ा भंमोरी अगुर्ली बेड़ा मऊ हॉट पिपलिया अंचल के लगभग 15 ग्रामों की महिलाएं शामिल हैं। यात्रा का यह 18वा वर्ष है। यह पवित्र यात्रा 1 अगस्त को पुंजापुरा 2 अगस्त को चापड़ा पहुंचेगी ओर 3 अगस्त सोमवार को चापड़ा स्थित ऋण मुक्तेश्वर मंदिर (चंद्रकेशर भगवान) भोलेनाथ का जलाभिषेक होगा यात्रा में बजेसिंहज राधेश्याम रूपचंद पाटीदार दिनेश टेलर संगीता राव किशोर पाटीदार कैलाश भाई किशोर प्रजापत कन्हैया वैष्णव तथा अन्य भक्त अपनी सेवाएं दे रहे हैं । शुक्रवारको पिपरी आगमन पर यात्रा का भवय स्वागत किया गया रात्रि विश्राम पिपरी स्थितनर्मदा मंदिर सनातन विचार मंच परिषर एवं वसुंधरा पब्लिक स्कूल पर रहा सभी के लिए भोजन की व्यवस्था प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी क्षेत्र से जुड़े सामाजिक कार्यकर्ता स्वर्गगीय रामचंद्र जी हिटलर गुप्ता की स्मृति में उनके परिवार द्वारा की गई ।

इसी प्रकार बागली के 61 युवकों ने कावड़ सजाकर कलशों में जल भरकर पूजा अर्चना कर जटाशंकर के लिए यात्रा प्रारंभ की इनका रात्रि विश्राम पिपरी के निजी स्कूल में रहा सोमवार को यह युवक बागली के नजदीक जटाशंकर तीर्थ पहुंचकर बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे इन यात्रियों काभी पिपरी पहुंचने पर परंपरागत तरीके से स्वागत किया गया। सोमवार को जटाशंकर में यात्रा की भोजन व्यवस्था जटाशंकर तीर्थ आश्रम पर रहेगी।

शिवाज्ञा संस्था फाउंडेशन ने शंकरगढ़ में किया पौधारोपण

नवभारत न्यूज

देवास। नगर पालिका निगम देवास के साथ शिवाज्ञा संस्था फाउंडेशन और अन्य सहयोगी संस्थाओ द्वारा अमृत हरित महा अभियान के उपलक्ष्य में शंकरगढ़ हिल्स पर पौधारोपण किया गया।

शिवाज्ञा संस्था फाउंडेशन ने सभी को पर्यावरण प्रेमी बन अपने जीवन काल में हर साल एक पौधा अवश्य लगाने और देख भाल कर पेड़ के रूप में परिवर्तित करने का संदेश दिया।

पुलिस ने वाहन चोर पकड़ा, बाइक जब्त

सोनकच्छ। स्थानीय पुलिस ने दो पहिया वाहन चोर को वाहन सहित पकड़ लिया है। प्राप्त जानकारी अनुसार, फरियादी अय्यूब अली पिता शुकूरुल्लाह निवासी सोनकच्छ ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि, 11 जुलाई को शाम को पौने आठ बजे पिपलियाबक्सू पेट्रोल पंप मोटर साइकिल खड़ी कर दोस्त के साथ कामकाम से चला गया था।

जानकारी अनुसार वह वापस आया तो उसका वाहन क्रमांक एमपी 11 एनजी 0571 वहां नहीं था। फरियादी ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को की। इसके बाद टीआई विक्रांत झांझोट ने ऑपरेशन त्रिनेत्रम चलाया और टीम बनाकर अलग अलग स्थानों दबिश दी गई। जिसमें जानकारी लगी कि, शादाब उर्फ सोराफ़ खान पिता नासिर नासिर (32) इटावा हाल मुकाम धतुरिया राम सोनकच्छ को हिरासत में लिया। उससे सख्ती से पूछताछ करने पर उसने बाइक की चोरी कबूल करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी के पास से वाहन जब्त किया है। कार्रवाई के दौरान एसआई मानसिंह गामोड, धर्मेंद्र सिसोदिया, सतेंद्रसिंह, श्याम बिहारी शर्मा, सुनील अलावा, साइबर सेल शिवप्रतापसिंह, सचिन चौहान का सराहनीय सहयोग रहा।

प्रकृति की रक्षा और अधिक पेड़ लगाने का संकल्प

देवास। एक पेड़ मां के नाम सावन के पवित्र महीने की शुरुआत के साथ ही पर्यावरण और प्रकृति के संरक्षण का संदेश देते हुए भाजपा के मंडल अध्यक्ष जितेंद्र मंडलोई द्वारा विभिन्न सामाजिक संगठनों और नागरिकों को बड़े पैमाने पर पौधारोपण अभियान और हरित संकल्प कार्यक्रम शुरू किए हैं। मुख्य बातें हरित संकल्प: सावन मास के पहले दिन प्रकृति की रक्षा और अधिक पेड़ लगाने का संकल्प लिया गया।

पौधारोपण गांव भैरवाखेड़ी के श्मशान घाट एवं अन्य सार्वजनिक जगहों पर नागरिकों को स्वच्छ और हरा-भरा भविष्य बनाने के लिए प्रेरित किया गया इस अवसर पर पौधारोपण किया गया अर्जुन पटेल, सरपंच प्रतिनिधि घन श्याम पटेल, पूर्व सरपंच उकार चौधरी, सुभाष मुक्ति नेताजी , चिडावाद उप सरपंच मोहन मस्ताना ,मिथुन हाडा, बबलू हाडा पंकज हाडा,विपुल मुक्ति, श्री राम मंडलोई आदि ग्रामीण द्वारा पौधा रोपण किया गया।

लंबे संघर्ष के बाद जगदीश सोलंकी सब इंस्पेक्टर पद पर हुए प्रमोट

बागली। बागली नगर के छोटे परिवार में पले बड़े जगदीश सोलंकी आरंभ के दोनों में हमेशा संघर्षरत रहे। 30 वर्ष पूर्व कक्षा आठवीं उत्तीर्ण करने के बाद होमगार्ड में भर्ती हुए बचपन से ही उन्हें देश सेवा करने का जज्बा रहा उनकी मेहनत और लगन से वह प्रमोशन होते हुए पुलिस आरक्षक बने। फिर प्रधान आरक्षक और वर्तमान में सब इंस्पेक्टर बनकर देवास से उज्जैन स्थानांतरित हुए।

बागली में उनका बचपन बीता यहां उनके बहुत से साथियों को जब पता लगा बागली के जगदीश सोलंकी उज्जैन में रिजर्व इंस्पेक्टर पद पर प्रमोशन हुए हैं।

प्रमोशन पर सभी स्नेहीजनों ने उन्हें बधाई देते हुए खुशी जाहिर की 35 वर्ष की पुलिस सेवा में बागली देवास बड़वानी उज्जैन आदि स्थानों पर अपनी सेवा देने वाले जगदीश सोलंकी अभी भी सहज सरल रूप से सभी से मिलते-जुलते हैं।

जगदीश सोलंकी को पूर्व सी एस पी अनिल सिंह राठौड़ पूर्व एसडीओपी राकेश व्यास अधिवक्ता प्रवीण चौधरी पत्रकार सुनील योगी मुकेश गुप्ता महिला सब इंस्पेक्टर पुष्पा महेश्वरी उमेश शिवहरे गोपाल जगदीश राठौर सोलंकी आदि ने बधाई देते हुए खुशी जाहिर की।

मुंशीजी ग्राम्य संस्कृति के रहे ध्वज वाहक

देवास। भारत की आत्मा गांवों में बसती है। यह कथन महात्मा गांधी का था पर इसका सिद्धिकरण महान साहित्यकार प्रेमचंद ने किया। भारत के तत्कालीन ग्रामीण परिवेश को समझना हो तो मुंशी प्रेमचंद सर्वश्रेष्ठ माध्यम है। ग्राम्य जीवन का भोलापन, सादगी, निस्वार्थ सेवाभावना, सहयोग और सामाजिक समरसता के गुणों को कहानियों और उपन्यासों के माध्यम से किया गया प्रस्तुतिकरण प्रेमचंद को अद्वितीय बना देता है।

मुंशी प्रेमचंद ग्राम्य जीवन के पर्याय थे। मुंशीजी अपनी आडम्बर विहीन रचनाओं के कारण लोक लेखक की श्रेणी में सर्वोच्च स्थान पर हैं। मुंशी प्रेमचंद ने भारी भरकम शब्दावली से सदैव परहेज किया। सरल, सुगम्य और सुबोध भाषा के रचनाकार मुंशीजी ने सैकड़ों चरित्रों को अपने साहित्य में जीवंत किया। मुंशीजी ग्राम्य सस्कृति के ध्वज वाहक थे। समाज के सभी वर्गो का प्रतिनिधित्व करने वाली आपकी रचनाएं कालजयी हैं। महारानी राधाबाई शा.क.उ.मा.वि. देवास में मुंशी प्रेमचंद जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उक्त विचार व्यक्त करते हुए साहित्यकार रविन्द्र वर्मा ने कहा कि मुंशीजी की रचनाएं भारतीय साहित्य की धरोहर है। कार्यक्रम में आयुषी योगी द्वारा कहानी ठाकुर का कुंआ, अंजली योगी द्वारा नमक का दरोगा, कोमल प्रजापति द्वारा बड़े घर की बेटी और प्रियांशी हडमतिया द्वारा दो बैलों की कथा का प्रस्तुतिकरण किया गया। इस अवसर पर पाठ्यक्रम में सम्मिलित मुंशीजी की कहानियों के फ्लेक्स की प्रदर्शनी भी लगाई गयी। इस अवसर पर इमदाद शेख, विनय मिश्रा, नजमा आजाद, बिंदु साकोरीकर, ज्योति लोहान और अंशु कुमावत भी उपस्थित थे। भूमिका प्राचार्य प्रवीणचंद मालवीय ने प्रस्तुत की। संचालन नीलम शर्मा ने तथा आभार यास्मीन शेख ने माना।

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत शासकीय हाई स्कूल बावई में 25 पौधों का रोपण

सोनकच्छ। एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल बावई में शुक्रवार को पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान एक देवास की निजी कंपनी के सहयोग से विद्यालय परिसर में 25 बड़े छायादार एवं फलदार पौधे लगाए गए।

पौधारोपण कार्यक्रम में राम शर्मा, विद्यालय के प्राचार्य इस्माइल मंसूरी, इको क्लब प्रभारी कोमल खरे व विद्यालय के समस्त शिक्षक, स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर पौधारोपण किया। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम के अंत में इको क्लब प्रभारी खरे ने विद्यालय की ओर से कंपनी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे सामाजिक व पर्यावरणीय प्रयास विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

एक नजर 'जय महाकाल' और 'हर-हर महादेव' के गगनभेदी जयघोष के बीच कावड़ यात्रा का शुभारंभ

130 किमी से ज्यादा की पैदल यात्रा कर उज्जैन पहुंचेंगे शिवभक्त

कांटाफोड़। श्रावण मास के दिन कांटाफोड़ नगर शिवभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। महाकाल भक्त मंडल के तत्वावधान में नगर के लगभग 20 शिवभक्त कावड़ लेकर विश्व प्रसिद्ध महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन एवं जलाभिषेक के लिए लगभग 130 किलोमीटर की पैदल यात्रा पर रवाना हुए।

यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व सभी श्रद्धालु नजरपुरा स्थित हनुमान मंदिर में एकत्रित हुए, जहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान का आशीर्वाद लिया गया।

इसके बाद 'जय महाकाल' और 'हर-हर महादेव' के गगनभेदी जयघोष के बीच कावड़ यात्रा का शुभारंभ हुआ।

पूरे मार्ग में शिवभक्ति, उत्साह और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। कावड़ यात्रा में शामिल युवाओं ने बताया कि यह पदयात्रा लगभग पांच दिनों में पूर्ण होगी।

यात्रा के दौरान भोजन, पेयजल एवं अन्य आवश्यक सामग्री की व्यवस्था के लिए एक सहयोगी वाहन भी साथ रहेगा, जिससे यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।